संगीत सुनना

5. Substitution drill

How do you like America? (lit., How does America feel to you?)
आपको अमरीका कैसा लगता है ?

हमारा देश
अपना देश
बर्कली
यहाँ का मौसम
हिन्दुस्तानी संगीत
हिन्दी पढ़ना
अमरीकन फ़िल्में
हिन्दुस्तानी मिठाइयाँ

6. Chain drill

Q: What do you like? (lit., What feels good to you?)
आपको क्या अच्छा लगता है ?

A: I like to see Hindi films. (lit., Seeing Hindi films feels good to me.)
मुझे हिन्दी की फ़िल्में देखना अच्छा लगता है ।

7. Transformation drill

Hindi seems easy to me.	Hindi seemed easy to me.
मुझे हिन्दी आसान लगती है ।	मुझे हिन्दी आसान लगी ।

मुझे यह किताब दिलचस्प लगती है ।
हमें संस्कृत मुश्किल लगती है ।
उसको भारतीय संगीत सुनना अच्छा लगता है ।
हमें आपका घर सुन्दर लगता है ।
मुझे वह छात्र होशियार लगता है ।
हमें ये बातें बुरी लगती हैं ।
उसको ठंडा मौसम अच्छा नहीं लगता ।
हमें मसालेवाला खाना मज़ेदार लगता है ।
मुझे उनकी बातें दिलचस्प लगती हैं ।

8. Substitution drill

How much time will it take you to read this book?
आपको यह किताब पढ़ने में कितना समय लगेगा ?

to cook dinner
to go to the university
to eat lunch
to clean the house
to write this letter
to read the newspaper

9. Substitution drill

It takes me ten minutes to go to the university.
मुझे यूनिवर्सिटी जाने में दस मिनट लगते हैं ।

half an hour
two and a half hours
twenty minutes
one and a quarter hours
one and a half hours
a few minutes

10. Chain drill

Q: How much time does it take you to read the newspaper?
आपको अख़बार पढ़ने में कितना समय लगता है ?

A: Half an hour.
आधा घंटा ।

11. Oral questions

आपको रोज़ दोपहर को कितने बजे भूख लगती है ?
तुम्हें क्या करना अच्छा लगता है ?

क्या तुम्हें उस कुरसी पर धूप लग रही है ?
आपको कौन-सा देश दिलचस्प लगता है ?
जब आपको डर लगता है, तब आप क्या करते हैं ?
आपको कैसा संगीत सबसे अच्छा लगता है ?
भारत जाने में कितना पैसा लगता है ?
उस दीवार पर क्या लगा है ?
आपको कल की पार्टी कैसी लगी ?
क्या आपको उस खिड़की के पास ठंड लग रही है ?
तुम्हें यह काम ख़त्म करने में कितना समय लगा ?
इस लिफ़ाफ़े पर कितने पैसे के टिकट लगेंगे ?
जब आपको प्यास लगती है, तब आप क्या करते हैं ?
तुम्हें कौन-सी भाषा सबसे सुन्दर लगती है ?

12. Translation exercise

1. The baby is hungry. Please give him some milk.
2. How much time does it take you to go home?
3. This Hindi film was (seemed) interesting to us.
4. A beautiful French painting was hung on (attached to) the wall.
5. The little girl got hurt yesterday.
6. How do you like our country?
7. It takes a lot of money to go to college.
8. You will feel very cold in Alaska.
9. We thought (felt) the food was too spicy.
10. Children often get scared at night.
11. It took me three hours to write this essay.
12. My sister likes to play the sitar.

35. THE SUBJUNCTIVE MOOD

Subjunctive forms in Hindi are identical to those of the future tense except that the suffix गा, गे, or गी is omitted. For example:

	Future forms	Subjunctive forms
मैं	जाऊँगा, पढ़ूँगा	जाऊँ, पढ़ूँ
हम	जाएँगे, पढ़ेंगे	जाएँ, पढ़ें
आप	जाएँगे, पढ़ेंगे	जाएँ, पढ़ें
तुम	जाओगे, पढ़ोगे	जाओ, पढ़ो
तू	जाएगा, पढ़ेगा	जाए, पढ़े
यह	जाएगा, पढ़ेगा	जाए, पढ़े
वह	जाएगा, पढ़ेगा	जाए, पढ़े
ये	जाएँगे, पढ़ेंगे	जाएँ, पढ़ें
वे	जाएँगे, पढ़ेंगे	जाएँ, पढ़ें

Three verbs that have irregular future forms (होना, लेना, देना) also have irregular subjunctive forms:

	Future forms			Subjunctive forms		
	होना	लेना	देना	होना	लेना	देना
मैं	हूँगा (होऊँगा)	लूँगा	दूँगा	हूँ (होऊँ)	लूँ	दूँ
हम	होंगे	लेंगे	देंगे	हों	लें	दें
आप	होंगे	लेंगे	देंगे	हों	लें	दें
तुम	होगे	लोगे	दोगे	हो	लो	दो
तू	होगा	लेगा	देगा	हो	ले	दे

यह	होगा	लेगा	देगा	हो	ले	दे
वह	होगा	लेगा	देगा	हो	ले	दे
ये	होंगे	लेंगे	देंगे	हों	लें	दें
वे	होंगे	लेंगे	देंगे	हों	लें	दें

Note:

(1) The subjunctive form of a verb remains the same regardless of whether it refers to a masculine or a feminine subject.

(2) The negative particle used with the subjunctive is always न.

Subjunctive verb forms are used in a wide variety of constructions. In general, the subjunctive indicates desirability, possibility, probability, uncertainty, or a wish about some future action or event. It is best, however, to observe the specific constructions in which the subjunctive occurs and the meaning of each.

The subjunctive is used in two kinds of sentences: (A) simple sentences and (B) conditional sentences.

(A) Simple sentences: In simple sentences subjunctive verb forms are used to express several different meanings depending on the context. The most common are:

(1) In "should," "shall," or "may" questions: In such questions the subjunctive is used to ask for advice or permission.

अब हम कहाँ जाएँ ?	*Where shall we go now?*
इसके बारे में आपसे एक सवाल पूछूँ ?	*May I ask you a question about it?*
मैं अब घर जाऊँ ?	*May I go home now?*
हम आपकी मदद करें ?	*Should/Shall we help you?*
मैं आपके लिये चाय बनाऊँ ?	*Should/Shall I make tea for you?*

(2) In "let's" constructions: The subject हम is generally understood and the verb is in the plural. Very often such sentences are introduced with आओ or चलो.

आओ, बाहर चलकर खेलें ।	*Come on, let's go out and play.*
चलो, आज एक फ़िल्म देखें ।	*Let's see a film today.*
चलिये, अब कुछ काम करें ।	*Let's do some work now.*

(3) As a request imperative: The subject आप is generally understood and the verb is always in the plural. This is the most polite form of request. It is almost like suggesting that someone do something rather than asking the person to do it.

(आप) कल हमारी पार्टी में आएँ ।	*Please come to our party tomorrow.*
(आप) कुछ और चाय लें ।	*Please have (take) some more tea.*
(आप) वहाँ न जाएँ ।	*Please don't go there.*

(4) To express good wishes, congratulations and blessings: In phrases used in congratulating someone or in expressing good wishes or blessings the verb is always in the subjunctive.

जीते रहो ।	*May you live long.*
सदा सुखी रहो ।	*May you always be (stay) happy.*
जन्म-दिन मुबारक हो ।	*Happy birthday.* (lit., *May (your) birthday be auspicious.*)
शादी पर बधाई हो ।	*Congratulations on (your) wedding.*
तुम्हें सफलता मिले ।	*May you have (get) success.*
आपके लिये नया साल शुभ हो ।	*Happy New Year.* (lit., *May the New Year be auspicious for you.*)

(5) To indicate uncertainty: With adverbs such as शायद *perhaps*, the subjunctive form of the verb may be used to indicate greater uncertainty. Other forms, however, may also be used in such situations. Different verb forms convey different degrees of certainty. For example:

यह फ़िल्म शायद अच्छी हो ।
Maybe this film is good (but I really don't know).
यह फ़िल्म शायद अच्छी होगी ।
Maybe this film is (will be) good (at least I suppose it is).
यह फ़िल्म शायद अच्छी है ।
Probably this film is good (as a matter of fact, I am fairly sure it is).

(6) The subjunctive forms of होना may be added as auxiliaries to the habitual, progressive, and perfective forms of the main verb to form the subjunctive of each in order to indicate doubt or uncertainty in these tenses. The adverb शायद is generally used in such sentences.

शायद वह यहाँ पढ़ता हो ।	*Perhaps he studies here.*
शायद वह पढ़ रहा हो ।	*He may be studying.*
शायद वे बाज़ार गये हों ।	*They may/might have gone to the market.*
शायद उन्होंने कल यह फ़िल्म देखी हो ।	*They may/might have seen this film yesterday.*

(7) The subjunctive verb form is commonly used in subordinate clauses (कि clauses) after certain verbs or phrases to indicate that some future action or event is possible, desirable, necessary, or appropriate. For example:

मैं चाहता हूँ कि ----	*I want (that) ----*
(आपको) यह चाहिये कि ----	*It is necessary (for you) that ----*
(यह) ज़रूरी है कि ----	*It is important that ----*
(यह) संभव / मुमकिन है कि ----	*It is possible that ----*

Examples:

मैं चाहता हूँ कि आप भारत जाएँ ।	*I want you to go to India.*
आपको यह चाहिये कि आप हर रोज़ हिन्दी पढ़ें।	*It is necessary (for you) that you study Hindi every day.*

ज़रूरी है कि हम सब कल मिलें।	*It is important that we all meet tomorrow.*
मुमकिन है कि वह पार्टी में न आए।	*It is possible that he may not come to the party.*

(B) Conditional sentences: In conditional sentences, the "if" clause (conditional clause) generally precedes the "then" clause (principal clause). The "if" clause usually has the introductory अगर / यदि *if* in the beginning; the "then" clause always begins with the conjunction तो *then*.

Unlike in English, अगर in the "if" clause may be dropped, but तो in the "then" clause can never be dropped. Note that in English one can say either "If our team wins, then we'll celebrate" or "If our team wins, we'll celebrate." It is important to remember this distinction between the two languages.

Several verb forms are used in "if" and "then" clauses. In conditional sentences referring to the future, the most common combinations are:

"If" clause (conditional clause)	"Then" clause (principal clause)
Subjunctive	Subjunctive
Subjunctive	Future/Imperative
Future	Future/Imperative

Note: Here again the use of the indicative verb form implies that the speaker is certain about the realization of the statement while with the subjunctive verb form the speaker is less certain. Examples:

अगर मैं जयपुर जाऊँ, तो आपके लिए साड़ी ख़रीदूँ ?
If I go to Jaipur, shall I buy a sari for you?
अगर मैं दिल्ली जाऊँ, तो आपके परिवार से मिलूँगी।
If I go to Delhi, I will meet your family.
अगर मौसम अच्छा होगा, तो हम गाँव चलेंगे।
If the weather is (will be) good, we will go to the village.

अगर आप चाहें, तो मेरे साथ चलिये ।
If you wish, come with me.

Exercises

1. Substitution drill

Should (shall) I write the letter right now?
क्या मैं अभी पत्र लिखूँ ?

give money
go home
ask this question
talk with him
go to the market
bring a chair
eat a sweet
do this work
make (some) tea
buy a ticket

2. Transformation drill

We can write Urdu. हम उर्दू लिख सकते हैं ।	Should (shall) we write Urdu? हम उर्दू लिखें ?

मैं भारतीय खाना पका सकती हूँ ।
हम हिन्दी में बात कर सकते हैं ।
हम जल्दी चल सकते हैं ।
हम आपके साथ ओकलैण्ड जा सकते हैं ।
हम हर दिन आपसे यहाँ मिल सकते हैं ।
मैं शाम तक यह निबन्ध लिख सकता हूँ ।
मैं आपको अपनी कविता सुना सकती हूँ ।
हम यह हिन्दी की किताब पढ़ सकते हैं ।
मैं आपकी मदद कर सकता हूँ ।

3. Individual conversational response drill

Will he come today?	Yes, (perhaps) he may come today.
क्या वह आज आएगा ?	हाँ, शायद वह आज आए ।

क्या तुम कल फ़िल्म देखोगी ?
क्या वे लोग कल दिल्ली जाएँगे ?
क्या सीता वहाँ गाना गाएगी ?
क्या कल बारिश होगी ?
क्या तू कल अपना कमरा साफ़ करेगा ?
क्या वह लड़का कहानी सुनाएगा ?
क्या पेट्रोल का दाम बढ़ेगा ?
क्या आप आज लाइब्रेरी जाएँगे ?
क्या तुम आज अपनी बहन से मिलोगे ?
क्या तुम्हारा भाई कल आएगा ?
क्या ये छात्र अगले साल भारत जाएँगे ?

4. Transformation drill

You will not go there.	Please don't go there.
आप वहाँ नहीं जाएँगे ।	आप वहाँ न जाएँ ।

आप पैसे नहीं देंगे ।
आप यह फ़िल्म नहीं देखेंगे ।
आप इस कुरसी पर नहीं बैठेंगे ।
आप यह भारी मेज़ नहीं उठाएँगे ।
आप यह काम नहीं करेंगे ।
आप यह पानी नहीं पिएँगे ।
आप हमारे साथ चलेंगे ।
आप और चाय लेंगे ।
आप हमारे साथ खाना खाएँगे ।

5. Substitution drill

Come on, let's go home.
आओ / चलो, घर चलें ।
हिन्दी पढ़ें
अपना काम करें
मिठाइयाँ ख़रीदें
फ़िल्म देखें
राम से मिलें
पिता जी से कहानी सुनें
सीता से बात करें
चाय पिएँ
उसका गाना सुनें

6. Transformation drill

Perhaps he works here.	He may perhaps work here.
वह शायद यहाँ काम करता है ।	वह शायद यहाँ काम करता हो ।

आपके दोस्त शायद कल दिल्ली गये ।
वे लड़के शायद बाहर खेल रहे हैं ।
बच्चा शायद सो रहा है ।
नौकर ने शायद कल कमरा साफ़ किया ।
लड़की शायद लाइब्रेरी में पढ़ रही है ।
छात्रों ने शायद कल यह कहानी पढ़ी ।
वह लड़का शायद इस स्कूल में पढ़ता है ।
उसकी बहन शायद कल बर्कली आई । .
वह शायद दोस्त का इन्तज़ार कर रही है ।

7. Individual conversational response drill

Where are my books?
मेरी किताबें कहाँ हैं ?

I don't know. They may (perhaps) be on the table.
(मुझे) मालूम नहीं । शायद मेज़ पर हों ।

ये छात्र कहाँ पढ़ते हैं ?
इस लड़की के साथ कौन है ?
यह बस कहाँ जाएगी ?
अगले साल आप कहाँ पढ़ेंगे ?
आपका दोस्त कल कहाँ जाएगा ?
अच्छी चाय कहाँ मिल सकेगी ?
आप कब यह फ़िल्म देखेंगे ?
ये छात्र कहाँ से हैं ?
ये लड़कियां कहाँ जा रही हैं ?
कौन कल खाना पकाएगा ?
अच्छा शाकाहारी खाना कहाँ मिलेगा ?

8. Substitution drill

I want you to go to India. (lit., I want that you should go to India.)
मैं चाहती हूँ कि आप भारत जाएँ ।

हम
वह छात्र
तुम
तुम्हारा भाई
मेरे माता-पिता
आप लोग
ये अमरीकन छात्र
मेरी बहन

9. Substitution drill

He wants you to come today. (lit., He wants that you should come today.)
वह चाहता है कि आप आज आएँ ।

meet his friend
go to India next year
learn Urdu

write a letter to the President
speak Hindi
sing a song
go to the party with him
work in this office

10. Chain drill

Q: What do you want?
आप क्या चाहते हैं ?

A: I want us to see this film today.
मैं चाहता हूँ कि हम आज यह फ़िल्म देखें ।

11. Substitution drill

If you (should) say so, (then) I will go there.
अगर आप कहें, तो मैं वहाँ जाऊँगा।
चाय बनाऊँगा
उसकी मदद करूँगा
उसके घर जाऊँगा
उसको बुलाऊँगा
यह काम करूँगा
दरवाज़ा बन्द करूँगा
यह कमरा साफ़ करूँगा
हिन्दुस्तानी खाना पकाऊँगा

12. Individual conversational response drill

Will you eat with me today?
क्या तुम आज मेरे साथ खाना खाओगे ?
If you (should) wish, (then) I will eat.
अगर तुम चाहो, तो खाऊँगा ।

क्या तुम आज मेरे साथ पार्टी में चलोगे ?
क्या तुम आज यह हिन्दी की फ़िल्म देखोगे ?
क्या तुम आज मेरी मदद करोगे ?
क्या तुम आज हिन्दुस्तानी खाना पकाओगे ?
क्या तुम आज मेरे भाई से मिलोगे ?
क्या तुम आज इस गाड़ी की मरम्मत करोगे ?
क्या तुम आज मेरे घर आओगे ?
क्या तुम आज यह काम करोगे ?

13. Translation exercise

1. Where are my papers? They might be on that table.
2. What shall I do? Shall I wait for them?
3. Next year I might live near the campus.
4. Please have (eat) dinner with us tonight.
5. He might also bring his friend to the party.
6. My parents may go to India next year.
7. Perhaps it may rain tomorrow.
8. She may be working in her office right now.
9. Let's drink some wine and (let's) dance.
10. I am feeling cold. Please close the window.
11. If you say so, I'll go with you.
12. If you want, I'll help you.
13. May I not sit on this big chair?
14. I am hungry. Let's eat now.
15. How many saris shall I buy?
16. His friends may have gone to Delhi yesterday.
17. She needs help. I want you to help her.
18. He wants the students to speak Hindi in the class.

36. THE SUFFIX वाला

वाला is a frequently used suffix in Hindi. It is particularly common in colloquial speech and can be added to a noun, adjective, adverb, or infinitive.

Noun (in oblique form) + वाला: When the suffix वाला is used with a noun, it conveys the general meaning that the person or thing is in some way associated with or characterized by that noun. Examples:

दूधवाली चाय	*tea with milk*
दिल्लीवाली गाड़ी	*the Delhi train* (i.e., *the train that goes to Delhi*)
पचास पैसेवाला टिकट	*a fifty paisa stamp*
चायवाला	*a tea vendor*
अख़बारवाला	*a newspaper man*
ताँगेवाला	*a tonga driver*
गाँववाला	*a villager*
लखनऊवाले	*Lucknow residents*
पंजाबवाला	*a Punjab resident*
उर्दूवाले	*Urdu speakers*
पैसेवाले	*people with money* (i.e., *rich people*)

मुझे दूधवाली चाय पसंद है ।
I like tea with milk.
दिल्लीवाली गाड़ी कब आएगी ।
When will the Delhi train arrive?
अख़बारवाला सात बजे आता है ।
The newspaper man comes at seven o'clock.
इस चायवाले के पास हमेशा गर्म चाय होती है ।
This tea vendor always has hot tea.

Note: As seen in the above examples, a noun + वाला phrase can function as an adjective or a noun and has different meanings in different contexts.

Adjective + वाला: Since the suffix वाला in itself has some adjectival force, its use with adjectives is often redundant. The only purpose an adjective + वाला phrase serves is to single out one particular person or thing in a group. Both the adjective and the suffix वाला agree with the noun referred to in number and gender. Examples:

वह लालवाली साड़ी दिखाइये ।
Please show (me) that red sari (i.e., *the red one*).
वे सस्तेवाले जूते मत ख़रीदो ।
Don't buy those cheap shoes (i.e., *the ones that are cheap*).
ये ताज़ीवाली मिठाइयाँ दीजिये ।
Please give (me) these fresh sweets (i.e., *the ones that are fresh*).

Adverb + वाला: When added to an adverb, the suffix वाला changes that adverb into an adjective which agrees with the noun modified in number and gender. Examples:

माँ अंदरवाले कमरे में हैं ।	*Mother is in the inside room (i.e., the room that is inside).*
ऊपरवाले कमरों में धूप है ।	*There is sunshine in the upstairs rooms.*
पासवाले घर में कौन रहता है ?	*Who lives in the nearby house?*
मुझे कलवाला अख़बार नहीं चाहिये ।	*I don't want/need yesterday's newspaper.*

Infinitive (in oblique) + वाला: The suffix वाला with a verb in oblique infinitive form can be used in one of the two following situations:

(1) To characterize a person as the doer of the action of the infinitive. In such sentences the suffix वाला functions like the agentive "-er" suffix in English.

Examples:

अख़बार बेचनेवाला आज नहीं आया ।	*The newspaper seller (i.e., the person who sells newspapers) didn't come today.*
हमारा घर साफ़ करनेवाली यहाँ रहती है ।	*Our housecleaner lives here.*
वह कपड़े बेचनेवाला अच्छी उर्दू बोलता है ।	*That clothseller speaks good Urdu.*

(2) To express that the action of the infinitive is about to take place. The basic structure of such sentences is:

subject	oblique infinitive + वाला	appropriate form of the verb होना *to be*

Examples:

हमारी बस आनेवाली है ।	*Our bus is about to come.*
मैं आपको फ़ोन करनेवाली ही थी ।	*I was just about to call you on the phone.*
जल्दी चलो, बारिश होनेवाली है ।	*Walk fast; it is going to/about to rain.*

Note: Often an English relative clause introduced by "who" or "which" can easily be translated into Hindi by using the oblique infinitive + वाला construction. Examples:

इस दुकान में काम करनेवाली औरत भारत से है ।
The woman who works in this shop is from India.
मद्रास में रहनेवाले लोग तामिल बोलते हैं।
The people who live in Madras speak Tamil.
नौ बजे आनेवाली गाड़ी आज लेट है ।
The train that comes at 9 o'clock is late today.

Exercises

1. Substitution drill

The clothseller will come tomorrow.
वह कपड़ेवाला कल आएगा ।

The shopkeeper
The shoe merchant
The tonga driver
The fruitseller
The bus conductor
The rickshaw driver
The tea vendor
The newspaper man

2. Substitution drill

Please show me this blue sari (i.e., this one which is blue).
मुझे यह नीलीवाली साड़ी दिखाइये ।

यह छोटीवाली किताब
यह बड़ावाला सन्तरा
वे महँगेवाले जूते
वे सस्तेवाले मोज़े
ये ताज़ीवाली मिठाइयाँ
वे सस्तीवाली सब्ज़ियाँ

3. Individual conversational response drill

Which sari should I buy, the yellow one or the red one?
कौन-सी साड़ी ख़रीदूँ, पीली या लाल ?

Please buy the red one.
लालवाली ख़रीदिये ।

कौन-सी कमीज़ दूँ, नीली या काली ?

कौन-से जूते पहनूँ, नये या पुराने ?
कौन-सी पेंसिल दूँ, छोटी या बड़ी ?
कौन-सा बकस उठाऊँ, हल्का या भारी ?
कौन-से फल ख़रीदूँ, कच्चे या पके ?
कौन-सी कुरसी लाऊँ, छोटी या बड़ी ?
कौन-से कपड़े ख़रीदूँ, महँगे या सस्ते ?
कौन-सी कापी दूँ, पीली या नीली ?
कौन-सी किताब पढ़ूँ, नई या पुरानी ?

4. Substitution drill

Come on, let's go into the inside room (the room that is inside).
चलो, अंदरवाले कमरे में चलें ।

बाहरवाले
नज़दीकवाले
नीचेवाले
ऊपरवाले
सामनेवाले
साथवाले
वहाँवाले
यहाँवाले

5. Substitution drill

You should read today's newspaper.
आपको आजवाला अख़बार पढ़ना चाहिये ।

कलवाला
परसोंवाला
यहाँवाला
पिछले महीनेवाला
कलकत्तेवाला
पिछले हफ़्तेवाला
दिल्लीवाला
न्यू यॉर्कवाला

6. Substitution drill

That boy is going to/about to go home.
वह लड़का घर जानेवाला है ।

going to/about to read this story
going to/about to finish his work
going to/about to open his shop
going to/about to come soon
going to/about to cook dinner
going to/about to meet his friends
going to/about to return home
going to/about to write a letter to the President

7. Transformation drill

He is going to Delhi.	He is going to/about to go to Delhi.
वह दिल्ली जा रहा है ।	वह दिल्ली जानेवाला है ।

मैं दरवाज़ा बन्द कर रही हूँ ।
वह पत्र लिख रही है ।
हम अपना काम ख़त्म कर रहे हैं ।
लड़के समाचारपत्र पढ़ रहे हैं ।
वह दुकान खोल रहा है ।
बारिश हो रही है ।
लड़की कहानी सुना रही है ।
हम लोग काम शुरू कर रहे हैं ।
मेरे माता-पिता कल आ रहे हैं ।
वह छात्र भारत जा रहा है ।

8. Chain drill

Q: When will your brother come to Berkeley?
आपका भाई कब बर्कली आएगा ?

A: He is going to come tomorrow.
कल आनेवाला है ।

9. Substitution drill

Please call the boy who works here.
यहाँ काम करनेवाले लड़के को बुलाइये ।
the woman who wears a sari
the man who wears a turban
the man who sells clothes
the children who play here
the student who learns Hindi
the man who smokes cigarettes
the men who work here
the girl who plays the sitar
the women who sell vegetables
the boy who lives in this blue house
the women who wash clothes

10. Translation exercise
(Use the वाला construction.)

1. I am going to (am about to) go to the university.
2. Please call the students who are learning Hindi.
3. The lower rooms are small, but the upstairs rooms are big.
4. Give me five fifteen-paisa stamps.
5. He is a resident of Delhi.
6. You shouldn't buy the shirts that are cheap.
7. The man in the white turban is writing a letter.
8. He is working in the adjoining room.
9. Our housecleaner will come tomorrow.
10. Ask the girl in the red sari; maybe she knows his address.
11. The newspaperman has not come yet.
12. I like my old shoes.
13. Do you know the student who lives in Oakland?
14. Walk fast. The film is going to (is about to) begin.
15. You should read the Delhi newspaper; it is better than the local newspaper.

37. INDEFINITE PRONOUNS AND ADJECTIVES

In Hindi the indefinites कोई and कुछ are used as both pronouns and adjectives and convey different meanings depending on the usage.

Indefinite pronouns: When used as a pronoun, कोई means "someone," "anyone," or "no one" (when used in a negative sentence) and is used to refer to a person, not to a thing. कोई as a pronoun always refers to a single person and therefore is never used in the plural. Examples:

वहाँ कोई काम कर रहा था ।	*Someone was working there.*
क्या कोई मेरी मदद करेगा ?	*Will someone/anyone help me?*
कोई उसके साथ नहीं गया ।	*No one went with him.*

The oblique of कोई is किसी. Examples:

किसी को बुलाइये ।	*Please call someone.*
किसी को जवाब मालूम नहीं था ।	*No one knew the answer.*

When used as a pronoun, कुछ means "something," "anything," or "nothing" (when used in a negative sentence). कुछ as a pronoun always refers to an indefinite amount of something in the singular. It is used for inanimate things only and therefore it is never used for people. कुछ does not have a special oblique form. Examples:

उसको इसके बारे में कुछ नहीं मालूम है ।	*He doesn't know anything about it.*
इस ग़रीब औरत के पास कुछ नहीं है ।	*This poor woman doesn't have anything.*
इसको कुछ दीजिये ।	*Please give her something.*
वहाँ कुछ नहीं हो रहा था ।	*Nothing was happening there.*

Indefinite adjectives: When used as indefinite adjectives, कोई and कुछ modify the following noun and mean "some" or "any" depending on their usage. कोई as an adjective may refer to a person or thing in singular only. In its adjectival use कोई may sometimes be used as an indefinite article similar to the English "a" or "an." The indefinite adjective कुछ, on the other hand, is used to refer to persons or things in the plural. For abstract things and bulk objects (non-countable objects) कुछ is used in the singular.

The following chart and examples will make this clear.

Type of noun	Singular	Plural
1. Person	कोई	कुछ
2. Countable object	कोई	कुछ
3. Bulk (non-countable) object	कुछ	
4. Abstract thing	कुछ (or कोई)	

Note:

(1) कोई is used only in the singular.

(2) In its adjectival use कुछ takes plural agreement, but when used with bulk objects and abstract things, it is treated as singular.

Examples:

1. कोई लड़की गा रही थी।	*Some (a) girl was singing.*
क्या कोई छात्र कमरे में था ?	*Was there any (a) student in the room?*
वहाँ कोई औरत नहीं थी।	*There was no (not one) woman there.*
कुछ लोग हमारे साथ आएँगे।	*Some people will come with us.*
कुछ किसान खेतों में काम कर रहे हैं।	*Some farmers are working in the fields.*

2. कोई किताब दीजिये । — *Please give (me) some/any (a) book.*
   हमारे पास कोई उर्दू की किताब नहीं है । — *We don't have any (an) Urdu book(s).*
   मेरे पास कुछ रेशमी साड़ियाँ हैं । — *I have some silk saris.*
   मैंने कुछ सन्तरे ख़रीदे । — *I bought some oranges.*

3. इस ग़रीब आदमी को कुछ पैसा चाहिये । — *This poor man needs some money.*
   हम कुछ चाय पिएँगे । — *We will drink some tea.*
   मुझे कुछ ठंडा पानी दीजिये । — *Please give me some cold water.*

4. मुझे आज कुछ काम है । — *I have some work today.*
   क्या कल तुम्हें कुछ फ़ुरसत होगी । — *Will you have some free time tomorrow?*

Often in questions and negative statements either कोई or कुछ may be used with abstract nouns like काम or जल्दी. Examples:

क्या आज कोई (कुछ) काम है ? — *Is there any work today?*
मुझे कोई (कुछ) काम नहीं है । — *I don't have any work.*
कोई (कुछ) जल्दी नहीं है । — *There is no hurry.*

When used as an adjective, कोई changes to किसी in the oblique, but कुछ does not change. Examples:

वह किसी दुकान में काम करता है । — *He works in some (a) shop.*
किसी छात्र से यह सवाल पूछो । — *Ask some (any, a) student this question.*
मुझे कुछ दोस्तों से मिलना है । — *I have to meet some friends.*

Note:

(1) The indefinites कोई and कुछ may also be used as adverbs modifying the following adjective. कुछ when used adverbially has the general connotation of "somewhat" or "a bit/a little." Adverbially, कोई is often used before a numeral meaning "about," "approximately." Examples:

वह कुछ उदास लगता है ।	*He appears to be somewhat (a bit) sad.*
हमारे लिए उर्दू लिपि कुछ मुश्किल है ।	*Urdu script is a little (somewhat) difficult for us.*
मीटिंग में कोई सौ लोग थे ।	*There were about (approximately) a hundred people in the meeting.*

(2) The indefinites कोई and कुछ occur in several special phrases. Some common phrases are:

कोई और	*someone else; anyone else*
कुछ और	*something more; some more*
और कोई	*someone else; anyone else; some other; any other*
और कुछ	*something else*
कोई भी नहीं	*no one at all; no ___ at all*
कुछ भी नहीं	*nothing at all; no ___ at all*
कोई न कोई	*someone or other; some ___ or other*
कुछ न कुछ	*something or other; some ___ or other*
सब कुछ	*everything*
बहुत कुछ	*a great deal; quite a bit; a lot*

When these phrases are used as pronouns, they are treated as singular.

Exercises

1. Substitution drill

Someone is studying there.
वहाँ कोई पढ़ रहा है ।

coming
sleeping
crying
laughing
singing

writing
dancing

2. Chain drill
(Answer with कोई as the subject.)

Q: What is going on there?
वहाँ क्या हो रहा है ?

A: Someone is singing there.
वहाँ कोई गा रहा है ।

3. Substitution drill

We should ask someone.
हमें किसी से पूछना चाहिये ।

converse with
help
meet
wait for
call
tell

4. Chain drill

A: You should help someone.
आपको किसी की मदद करनी चाहिये ।

B: Whom should I help?
किस की मदद करूँ ?

A: That old woman.
उस बूढ़ी औरत की ।

5. Individual conversational response drill

(Answer in the negative.)

Will that student sing? — No, no one will sing.

क्या वह छात्र गाएगा ? — नहीं, कोई नहीं गाएगा ।

क्या तुम्हारी बहन बाज़ार गई ?

क्या तुम्हारा भाई यह काम करेगा ?

क्या तुम सब लोग वहाँ जाओगे ?

क्या वहाँ बहुत लोग थे ?

क्या तुम मदद करोगे ?

क्या आप इन्तज़ार करेंगे ?

क्या तुम पूछोगे ?

क्या तुम आज खेलोगे ?

6. Substitution drill

We should read something.

हमें कुछ पढ़ना चाहिये ।

do
buy
bring
sing
eat
write

7. Substitution drill

He didn't say anything.

उसने कुछ नहीं कहा ।

tell
read
eat
drink
write

do
take
give

8. Translation exercise

1. Someone should ask the teacher this question.
2. Let's go home. Nothing will happen here now.
3. We want to ask you something.
4. Yesterday after class no one waited for me.
5. Please don't go in that room. Someone is sleeping there.
6. Tell me something about your family.
7. What did she give you? She didn't give me anything.
8. These days he is not doing anything.
9. She doesn't know anything about India.
10. He has nothing. Please give him something.

9. Substitution drill

Is there a (any) student in that room?
क्या उस कमरे में कोई छात्र है ?

teacher
book
foreigner
girl
table
chair
window
newspaper
boy
Indian woman
foreign student

10. Conversational response drill

You should ask some boy.	But there isn't any boy here.
आपको किसी लड़के से पूछना चाहिये।	लेकिन, यहाँ तो कोई लड़का नहीं है।
आपको किसी छात्र से बात करनी चाहिये।	
आपको कोई अख़बार पढ़ना चाहिये।	
आपको किसी कुरसी पर बैठना चाहिये।	
आपको किसी बच्चे की मदद करनी चाहिये।	
आपको किसी लड़की से मिलना चाहिये।	
आपको किसी विदेशी से बात करनी चाहिये।	

11. Conversational response drill

Which man shall I ask?	Ask any man.
मैं किस आदमी से पूछूँ ?	किसी आदमी से पूछिये।
मैं किस कुरसी पर बैठूँ ?	
मैं किस किताब को पढ़ूँ ?	
मैं किस आदमी की मदद करूँ ?	
मैं किस कमरे में बैठूँ ?	
मैं किस लड़के को बुलाऊँ ?	
मैं किस छात्र से सवाल पूछूँ ?	

12. Substitution drill

There were some boys there.
वहाँ कुछ लड़के थे।

students
women
children
money
wine
water
eggs
tea
work

13. Conversational response drill

Does he have some books?	No, he doesn't have any books.
क्या उसके पास कुछ किताबें हैं ?	नहीं, उसके पास कोई किताब नहीं है ।
क्या उसके पास कुछ पैसा है ?	
क्या उसके पास कुछ महँगी चीज़ें हैं ?	
क्या उसके पास कुछ चाय है ?	
क्या उसके पास कुछ शराब है ?	
क्या उसके पास कुछ पानी है ?	
क्या उसके पास कुछ साड़ियाँ हैं ?	
क्या उसके पास कुछ हिन्दी के रिकार्ड हैं ?	

14. Chain drill

Q: Do you have a (any) Hindi book?
क्या आपके पास कोई हिन्दी की किताब है ।

A: Yes, I have some Hindi books.
हाँ, मेरे पास कुछ हिन्दी की किताबें हैं ।

Q: Do you have some wine?
क्या आपके पास कुछ शराब है ?

A: Yes, I have some wine.
हाँ, मेरे पास कुछ शराब है ।

15. Translation exercise

1. My friend doesn't have any work these days.
2. I will buy some shirts from this store.
3. I need your help. Will you have some time tomorrow?
4. He gave me some Hindi books to read.
5. Do you have some Indian friends?
6. After class we should drink some tea.

7. I want to live in some Indian village.
8. Is there any good hotel in this city?
9. This summer I will go to some large city to work.
10. He wants to meet some Pakistani girl.
11. We bought some things for you from the store.
12. Ask any Hindi student this question.

38. INTRANSITIVE AND TRANSITIVE FORMS OF VERBS

As mentioned in Section 24, Hindi verbs are divided into two categories: intransitive and transitive. A transitive verb can take a direct object while an intransitive verb cannot. Generally a verb that is transitive in Hindi is also transitive in English, but the number of intransitive verbs in Hindi is much larger than in English.

In English often the same verb is used as intransitive and transitive. For example, note "to burn" and "to begin" in the following English sentences. In one sentence the verb is intransitive and in the other the same verb is transitive and has a direct object:

The house burned.	घर जला ।
He burned the house.	उसने घर जलाया ।
The play began.	नाटक शुरू हुआ ।
We began the play.	हमने नाटक शुरू किया ।

In Hindi, instead of using the same verb as intransitive and transitive, phonetically and semantically related pairs are used (such as जलना - जलाना, शुरू होना शुरू करना in the above Hindi sentences). Such intransitive transitive pairs are very common in Hindi.

<u>Formation of intransitive-transitive pairs:</u>

Hindi uses several patterns in forming these pairs. The following four patterns are the most common.

(1) Many transitive verbs are formed by adding आ to an intransitive verb stem.

Examples:

<u>Intransitive verb</u>		<u>Transitive verb</u>	
पकना	*to be cooked*	पकाना	*to cook*
बनना	*to be made, to be built*	बनाना	*to make, to build*
लगना	*to be installed/ attached/applied*	लगाना	*to install/attach/apply*
बचना	*to be saved*	बचाना	*to save*
पहुँचना	*to arrive/to reach*	पहुँचाना	*to take/bring somewhere*
उठना	*to rise, to get up*	उठाना	*to raise, to lift, to get (someone) up*
चलना	*to walk, to move, to be in motion*	चलाना	*to make someone walk, to drive, to put something in motion*

(2) In some cases, in addition to adding आ to an intransitive verb stem, if there is a long vowel in the preceding syllable, it is shortened or changed according to the following rules:

आ	becomes	अ
ई, ए, or ऐ	becomes	इ
ऊ or ओ	becomes	उ

Examples:

<u>Intransitive verb</u>		<u>Transitive verb</u>	
जागना	*to be awake*	जगाना	*to wake (someone) up*
भीगना	*to get wet*	भिगाना	*to make (something) wet*
लेटना	*to lie down*	लिटाना	*to lay someone/something (down)*
बैठना	*to sit*	बिठाना	*to seat (someone)*

घूमना	*to wander around, to tour*	घुमाना	*to show (someone) around*
सोना	*to sleep*	सुलाना	*to put (someone) to sleep*

Note that in the last example the consonant ल is also added.

(3) In contrast to the previous pattern some transitive verbs are formed by changing the initial or medial short vowels of the intransitive verb stems. Thus:

अ	becomes	आ
इ	becomes	ई or ए
उ	becomes	ऊ or ओ

Examples:

Intransitive verb		Transitive verb	
संभलना	*to be careful*	संभालना	*to exercise care for something/someone*
निकलना	*to come out, to go out*	निकालना	*to push out, to take out*
*बिकना	*to be sold*	बेचना	*to sell*
पिसना	*to be ground*	पीसना	*to grind*
रुकना	*to stop (intr.)*	रोकना	*to stop (tr.)*
खुलना	*to be opened*	खोलना	*to open*
*धुलना	*to be washed*	धोना	*to wash*
लुटना	*to be robbed*	लूटना	*to rob*

*Note the change of a consonant in the pairs.

(4) All the conjunct verbs that are formed by combining a noun or an adjective with करना use होना for their intransitive counterparts. Examples:

Intransitive verb		Transitive verb	
शुरू होना	*to begin (intr.)*	शुरू करना	*to begin (tr.)*
मरम्मत होना	*to be repaired*	मरम्मत करना	*to repair*

The patterns discussed above are the most common and useful patterns. There are a few other patterns that are less frequently used and more complicated.

Exercises

1. Transformation drill

A house is being built.
घर बन रहा है।
टैक्सी सड़क पर रुक रही है।
मोटर चल रही है।
पैसा बच रहा है।
सुन्दर साड़ियाँ बिक रही हैं।
खिड़की खुल रही है।
खाना पक रहा है।
किताबें बिक रही हैं।
कपड़े धुल रहे हैं।

That man is building a house.
वह आदमी घर बना रहा है।

2. Transformation drill

He is making beautiful toys.
वह सुन्दर खिलौने बना रहा है।
वह हिन्दी की किताबें बेच रहा है।
वह खिड़की खोल रहा है।
वह बस चला रहा है।
वह बहुत पैसा बचा रहा है।
वह भारतीय खाना पका रहा है।

Beautiful toys are being made.
सुन्दर खिलौने बन रहे हैं।

वह टैक्सी रोक रहा है ।
वह गंदे कपड़े धो रहा है ।
वह सुन्दर फूल बेच रहा है ।

3. Transformation drill
(Keep the same tense as in the original sentence.)

Those people sell books here.	Books are sold here.
वे लोग यहाँ किताबें बेचते हैं ।	यहाँ किताबें बिकती हैं ।

लड़की खिड़की खोलती है ।
यह आदमी गाड़ी चला रहा है ।
यह अमीर आदमी पैसा बचाता है ।
मेरे भाई ने कल कुरसियाँ बनाईं ।
मैं खाना पकाऊँगी ।
धोबी कपड़े धोता है ।
मैंने गाड़ी रोकी ।
हम लोग यहाँ अख़बार बेचेंगे ।
उसने दरवाज़ा खोला ।
वे लोग मकान बना रहे हैं ।
लड़का गाड़ी चलाएगा ।

4. Transformation drill

I opened the window.	The window (was) opened.
मैंने खिड़की खोली ।	खिड़की खुल गई ।

उसने गाड़ी रोकी ।
मेरी पत्नी ने मसालेवाला खाना पकाया ।
नौकर ने हमारा सामान निकाला ।
उसने कुछ पैसा बचाया ।
दुकानदार ने ताज़ी मिठाइयाँ बेचीं ।
धोबी ने हमारे कपड़े धोए ।
उसने यह बड़ा मकान बनाया ।

मैंने कल वे पुरानी चीज़ें बेचीं ।
हमने यह सुन्दर मेज़ बनाई ।
उसने कल क्या बेचा ।

5. Transformation drill

(Use लड़का as the subject; change the intransitive verb to a transitive verb and compound it with देना.)

Beautiful toys were made.
सुन्दर खिलौने बन गये ।

The boy made beautiful toys.
लड़के ने सुन्दर खिलौने बना दिये ।

रिक्शा रुक गया ।
हमारे सब कपड़े धुल गये ।
कमरे का दरवाज़ा खुल गया ।
वह पीली साड़ी बिक गई ।
तसवीर दीवार पर लग गई ।
हमारा खाना पक गया ।
सब ताज़ी सब्ज़ियाँ बिक गईं ।

6. Transformation drill

Beautiful flowers are sold in this shop.
इस दुकान में सुन्दर फूल बिकते हैं ।

What is sold in this shop?
इस दुकान में क्या बिकता है ?

यहाँ हमारी बस रुकती है ।
दस बजे तक यह खिड़की नहीं खुलती ।
यहाँ महँगे कपड़े धुलते हैं ।
इस शहर में सुन्दर खिलौने बनते हैं ।
यहाँ हिन्दुस्तानी खाना पकता है ।
इस दुकान में सुन्दर साड़ियाँ बिकती हैं ।
यहाँ अच्छे और सस्ते कपड़े बनते हैं ।

7. Transformation drill

Those people are making beautiful toys.	Who is making beautiful toys?
वे लोग सुन्दर खिलौने बना रहे हैं।	कौन सुन्दर खिलौने बना रहा है ?

दुकानदार महँगी साड़ियाँ बेच रहा है।
ड्राइवर मोटर रोकता है।
हम गाड़ी से सामान निकाल रहे हैं।
वह सुन्दर मेज़ बना रहा है।
रिक्शेवाला रिक्शा चलाता है।
धोबी ये कपड़े धोएगा।
मेरी बहन खाना पकाएगी।

8. Chain drill

(Ask a question using an intransitive verb with क्या or a transitive verb with कौन.)

Q: What is made here?
यहाँ क्या बनता है ?

A: Beautiful saris are made here.
यहाँ सुन्दर साड़ियाँ बनती हैं।

Q: Who makes beautiful toys?
कौन सुन्दर खिलौने बनाता है ?

A: We make beautiful toys.
हम सुन्दर खिलौने बनाते हैं।

9. Transformation drill

He is repairing the table.	The table is being repaired.
वह मेज़ की मरम्मत कर रहा है।	मेज़ की मरम्मत हो रही है।

लड़का दोस्त का इन्तज़ार कर रहा है।
हम काम शुरू कर रहे हैं।

वह खिड़की बन्द कर रहा है।
मैं खाना तैयार कर रही हूँ।
वे लोग काम ख़त्म कर रहे हैं।
लड़की घर साफ़ कर रही है।
वह बच्चों की मदद कर रही है।
हम हिन्दी बोलने की कोशिश कर रहे हैं।

10. Transformation drill

(Add any appropriate subject and change the verb from intransitive to transitive.)

The chair was repaired.	I repaired the chair.
कुरसी की मरम्मत हुई।	मैंने कुरसी की मरम्मत की।

दोस्त का इन्तज़ार हुआ।
दरवाज़ा बन्द हुआ।
क्लास शुरु हुई।
खाना तैयार हुआ।
बूढ़ी औरत की मदद हुई।
कमरा साफ़ हुआ।
कहानी ख़त्म हुई।
हिन्दी बोलने की कोशिश हुई।

11. Oral questions

ताज़ी सब्ज़ियाँ कहाँ बिकती हैं ?
बस कौन चलाता है ?
यह क्लास कब शुरु होती है ?
आप किसका इन्तज़ार कर रहे हैं ?
आपका घर कौन साफ़ करता है ?
यह रेलगाड़ी कहाँ रुकती है ?
क्या इस रेस्ट्रान्ट में अच्छा हिन्दुस्तानी खाना पकता है ?
टिकट-घर की खिड़की कब खुलेगी ?
सुन्दर साड़ियाँ कहाँ बनती हैं ?
ये कपड़े कब धुलेंगे ?

यह कमरा कब साफ़ हुआ ?
कौन ग़रीब लोगों की मदद करेगा ?
यहाँ किसका इन्तज़ार हो रहा है ?
इन सड़कों की मरम्मत कब होगी ?
कल फ़िल्म कितने बजे ख़त्म हुई ?

12. Translation exercise

(Translate the following sentences into Hindi. Then rewrite them with a transitive verb and an appropriate subject.)

1. The car stopped in front of my house.
2. The play began at seven o'clock in the evening.
3. A new house is being built on that street.
4. Expensive clothes are washed here.
5. Beautiful silk clothes are made in this city.
6. Books in (of) many languages are sold in this bookstore.
7. Every day our class ends at ten o'clock in the morning.
8. Good Indian food is cooked here.
9. This chair was being repaired yesterday.
10. The poor people were helped.

39. VERB STEM + चुकना CONSTRUCTION

The auxiliary verb चुकना is frequently used after a verb stem to indicate completion of the action described by the verb stem. It is generally translated as "to finish doing (something)." In English the adverb "already" easily conveys the actual sense of चुकना in this construction. Examples:

क्या आप खाना खा चुके हैं? *Have you finished eating?/Have you already eaten?*
बच्चे घर जा चुके हैं। *The children have already gone home.*

The main verb in this construction always remains in stem form, and all the changes in person, number, and gender agreement occur only in the auxiliary verb चुकना. Except for the progressive tenses, this construction is found in all tenses; but because it is used mainly to convey the completion of an action, it is most commonly found in the perfective tenses. The verb चुकना is an intransitive verb; therefore the ने construction is never used in the perfective tenses, even when the stem of the main verb is transitive.Examples:

मैंने खाना खाया। *I ate dinner.*
मैं खाना खा चुका। *I already ate dinner.*

क्या आपने ताज महल देखा है? *Have you seen the Taj Mahal?*
क्या आप ताज महल देख चुके हैं? *Have you already seen the Taj Mahal?*

हम रोज़ शाम को सात बजे तक खाना खा चुकते हैं।
Every day we finish eating dinner by 7 p.m.
मैं कल तक यह निबन्ध लिख चुकूँगी।
I will finish writing this essay by tomorrow.

Exercises

1. Transformation drill

He is reading the book. — He has already read the book.

वह किताब पढ़ रहा है । — वह किताब पढ़ चुका है ।

मेरे बच्चे खेल रहे हैं ।

हम अपना काम कर रहे हैं ।

मैं खाना खा रहा हूँ ।

मेरे पिता जी अख़बार पढ़ रहे हैं ।

हमारी माँ खाना पका रही हैं ।

मैं बच्चों को कहानी सुना रही हूँ ।

कृष्ण बाँसुरी बजा रहा है ।

वह दफ़्तर जा रहा है ।

2. Conversational response drill

Did you eat? — Yes, I already ate.

क्या तुमने खाना खाया ? — हाँ, मैं खाना खा चुका ।

क्या तुमने यह किताब पढ़ी ?

क्या तुमने माँ को पत्र लिखा ?

क्या तुमने यह कहानी पढ़ी ?

क्या तुम आज मन्दिर गये ?

क्या तुमने आगरे का ताज महल देखा ?

क्या तुमने आज नमाज़ पढ़ी ?

क्या तुमने चाय पी ?

क्या तुमने वह फ़िल्म देखी ?

3. Substitution drill

When will he finish reading this book?

वह कब तक यह किताब पढ़ चुकेगा ?

doing this work

writing this letter

cooking dinner
repairing the car
writing the essay
reading this story

4. Substitution drill

When I arrived there, (by then) he had already gone to school.
जब मैं वहाँ पहुँचा, तब तक वह स्कूल जा चुका था ।

सो
खाना खा
काम ख़त्म कर
आराम कर
किताब पढ़
नमाज़ पढ़
भाषण दे
कॉफ़ी पी
बच्चों को कहानी सुना
नहा

5. Substitution drill

He came when we had already finished the work.
जब हम काम कर चुके थे, तब वह आया ।

read the newspaper
eaten dinner
read this story
rested
written the letter
listened to the music
drunk tea
finished our work
gone home

6. Translation exercise

1. We have already seen this Hindi film.
2. When I came into the class, the students had already read the story.
3. I will finish writing my essay by tomorrow.
4. She had already washed all her clothes.
5. Maybe he has already gone home.
6. The children have already done all their school work. Now they can play.
7. He has already seen all the famous temples of India.
8. Every day by six o'clock she finishes cooking dinner.
9. When we arrived at the train station, (by then) the train had already left (gone).
10. Come on, let's eat now. But I have already eaten.

40. OBLIQUE INFINITIVE + लगना CONSTRUCTION

The intransitive verb लगना when preceded by the oblique infinitive of the main verb means "to begin the action described by the oblique infinitive." The main verb in this construction always takes the oblique infinitive form, and all the changes in person, number, and gender agreement occur only with लगना. Since लगना is an intransitive verb, the ने construction is never used in the perfective tenses even when the main verb is transitive.

Although the oblique infinitive + लगना construction occurs in present, past, and future tenses, it is most frequent in the perfective tenses; it is never used in progressive tenses. Examples:

पत्र पढ़कर लड़की रोने लगी ।
Upon reading the letter, the girl began to cry.
छात्र भारत के बारे में सवाल पूछने लगे ।
The students began to ask questions about India.
रोज़ पाँच बजे वह खाना पकाने लगती है।
Every day she begins to cook dinner at five o'clock.
यह सुनकर आप हँसने लगेंगे ।
Upon hearing this, you will start laughing.

Exercises

1. Transformation drill

He studies Hindi.	He began to study Hindi.
वह हिन्दी पढ़ता है ।	वह हिन्दी पढ़ने लगा ।
हमारा दोस्त गाना गाता है ।	
मेरी बहन कहानी सुनाती है ।	

मेरी बच्ची हँसती है ।
हम अपना काम करते हैं ।
बच्चे पार्क में खेलते हैं ।
हम संगीत सुनते हैं ।
बच्चा दूध पीता है ।
वे लोग सुन्दर खिलौने बनाते हैं ।

2. Substitution drill

Upon hearing this, she began to cry.
यह सुनकर वह रोने लगी ।

began to laugh
began to work
began to write the letter
began to cook dinner
began to go
began to play
began to read the newspaper

3. Transformation drill

He began to work.	He began to work.
उसने काम करना शुरू किया ।	वह काम करने लगा ।

उसने गाना शुरू किया ।
उसने यूनिवर्सिटी में पढ़ना शुरू किया ।
उसने खाना खाना शुरू किया ।
